प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**27 अगस्त 2026**

# वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2026-27 के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 3,247 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं[1]। इस सारांश स्थिति में 2025-26 की चौथी और 2025-26 की पहली तिमाही हेतु तुलना करने के लिए डेटा भी शामिल है ताकि क्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) और वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) परिवर्तन का अध्ययन किया जा सके। ये आंकड़े निम्नलिखित वेबलिंक पर एक्सेस किए जा सकते हैं- https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Listed%20Non-Government%20Non-Financial%20Companies).

## मुख्य बातें

### *बिक्री*

- समग्र स्तर पर, सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री संवृद्धि 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान बढ़कर 19.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष)हो गयी, जो पिछली तिमाही में 13.9 प्रतिशत थी (टेबल 1ए और 2ए)।
- 2026-27की पहली तिमाही के दौरान 1,827 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की बिक्री में 21.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई (वर्ष-दर-वर्ष), जो पिछली तिमाही में 14.5 प्रतिशत से अधिक है। यह तेजी मुख्यतः ऑटोमोबाइल, पेट्रोलियम और इलेक्ट्रिकल मशीनरी उद्योगों के कारण थी (टेबल 1ए, 2ए और 5ए)।

---

[1] ***स्रोत:*** *कैपिटलाइन डेटाबेस*




***स्रोत:*** *कैपिटलाइन डेटाबेस और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों की बिक्री संवृद्धि और मजबूत हुई और 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान 14.8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में यह 9.9 प्रतिशत थी।
- गैर-आईटी सेवा कंपनियों ने 19.7 प्रतिशत (पिछली तिमाही में 20.3 प्रतिशत) की स्वस्थ दो अंकों की वृद्धि दर्ज करना जारी रखा, जिसका मुख्य कारण थोक और खुदरा व्यापार उद्योग था।

**व्यय**

- वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों के कारण, विनिर्माण कंपनियों का कच्चे माल का खर्च 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान काफी बढ़कर 27.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) हो गया; हालांकि, पहली तिमाही के दौरान बिक्री की तुलना में कच्चे माल का अनुपात मामूली रूप से पिछली तिमाही के 58.5 प्रतिशत से घटकर 58.1 प्रतिशत हो गया (तालिका 2ए और 2बी)।
- 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान, विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के कर्मचारियों की लागत में क्रमशः 12.4 प्रतिशत, 7.6 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछली तिमाही में दर्ज की गई वृद्धि से अधिक है। विनिर्माण और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए कर्मचारियों की लागत की तुलना में बिक्री का अनुपात 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर क्रमशः 5.5 प्रतिशत और 10.1 प्रतिशत हो गया; हालांकि, आईटी कंपनियों के लिए यह पिछली तिमाही की तुलना में पहली तिमाही के दौरान कम हो गई।

**मूल्य निर्धारण क्षमता**

- निविष्टि लागत में महत्वपूर्ण वृद्धि के बावजूद, विनिर्माण कंपनियों के परिचालन लाभ संवृद्धि में 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान 21.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) से उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ, जो पिछली तिमाही में 9.4 प्रतिशत था। 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान आईटी और

गैर-आईटी सेवा कंपनियों के परिचालन लाभ संवृद्धि में भी क्रमशः 19.9 प्रतिशत और 12.7 प्रतिशत का सुधार हुआ (टेबल 2ए)।

- क्रमिक आधार पर, 2026-27 की पहली तिमाही के दौरान सभी प्रमुख क्षेत्रों में परिचालन लाभ मार्जिन में सुधार हुआ (चार्ट 2 और तालिका 2बी)।




***स्रोत:*** *कैपिटलाइन और आरबीआई स्टाफ की गणना।*

**ब्याज व्यय**

- सकल लाभ में ब्याज व्यय की तुलना में लगातार वृद्धि के साथ, विनिर्माण कंपनियों का ब्याज व्याप्ति अनुपात (आईसीआर)[2] में 2026-27 की पहली तिमाही में 10.2 तक सुधार हुआ। गैर-आईटी सेवा कंपनियों के आईसीआर में 2.6 वृद्धि हुई और आईटी फर्मों का आईसीआर पहली तिमाही के दौरान उच्च स्तर पर बना रहा (तालिका 2बी)।

**तालिकाओं की सूची**

| तालिका सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| | ए | | संवृद्धि दर |

[2] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय और ब्याज व्यय का अनुपात) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मान 1 है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | बी | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**नोट:**

- विभिन्न कंपनियों की कवरेज अलग-अलग तिमाहियों में बदलती है, जो परिणामों की घोषणा की तारीख पर निर्भर करती है; हालाँकि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।
- संकलन पद्धति का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) संलग्न हैं।

**(ब्रिज राज)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/974** मुख्य महाप्रबंधक